Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-२६ अंक-२२ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३० नवंबर २०१८ पृष्ठ ०८ मूल्यः१० रु.मात्र

## सामंजस्य के साथ सरकारी कार्यों के पुराने ढर्रे में करें सुधार: उपराष्ट्रपति



प.सू.का/नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि वे लचीलेपन और सामंजस्य के साथ काम करें तथा सरकारी कामकाज के पुराने ढर्रे में सुधार की कोशिश करें। वे दिनांक १४.११.२०१८ को हैदराबाद में डॉ. मर्री चन्ना रेड्डी मानव संसाधन विकास संस्थान में ६३वें बुनियादी पाठ्यक्रम के प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि, "स्वराज्य" को "सुराज" में बदलने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों पर देश की उम्मीदें और आकांक्षाएं टिकी हैं। उन्होंने लौह पुरूष सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा का विचार उन्होंने ही दिया था। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनके जैसे नेता हमारे लिए मूल्यवान धरोहर छोड़ गए हैं। इन नेताओं ने हर नागरिक के लिए वास्तविक स्वतंत्रता का स्वप्न देखा था।

## नहीं मिलेगी कुंभ में यात्रियों को लखनऊ और दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस की सुविधा

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। कुंभ से पहले इलाहाबाद से लखनऊ, दिल्ली के बीच शताब्दी एक्सप्रेस के संचालन को लेकर रेलवे ने साफ इन्कार कर दिया है। दिनांक ०५.११.२०१८ सोमवार को रेलवे और जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के मध्य बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें रेलवे अफसरों के कहा कि इलाहाबाद-लखनऊ रूट के विधुतीकरण और दोहरीकरण का कार्य चल रहा है, जिसके बाद ही संचालन शुरू किया जा सकता है। इस रुट पर दोहरीकरण और विधुतीकरण का कार्य पिछले कई माह से चल रहा है, और कुंभ में भी यह कार्य पूरा होता नही दिख रहा है। इसी को देखते हुए रेलवे ने आपने हाथ खड़े कर दिए हैं, और जिला प्रशासन से कहा है कि कुंभ के बाद ही लखनऊ और दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस का संचालन शुरू किया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री ने किया वाराणसी में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन

### परियोजनाएं गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के प्रति केंद्र सरकार की वचनबद्धता का हिस्सा- मोदी




रे.स.ब्यू./संवा.वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी का दौरा कर २४०० करोड़ रुपए लागत वाली विभिन्न परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित किया, कुछ का उद्घाटन किया अथवा आधार-शिला रखी। नरेन्द्र मोदी ने गंगा नदी पर मल्टीमॉडल टर्मिनल राष्ट्र को समर्पित किया, और प्रथम कंटेनर कार्गो ग्रहण किया। उन्होंने वाराणसी रिंग रोड फेज-१ और राष्ट्रीय राजमार्ग-५६ के विकास और इसके बाबतपुर-वाराणसी खंड को चार लेन का बनाने के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वाराणसी के साथ पूरा देश आज ये देख रहा है की अगली पीढ़ी के ढांचे का विजन किस तरह देश के यातायात साधनों का कायाकल्प कर रहा हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतर्देशीय जल मार्ग से समय और धन की बचत होगी, सड़को पर जाम लगने से निजात मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में आधुनिक ढांचे का तेजी से निर्माण हुआ है।

उन्होंने कहा कि गंगा नदी के किनारे स्थित सभी गांव खुले में शौच जाने से मुक्त हो गये हैं। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के प्रति केंद्र सरकार की वचनबद्धता का हिस्सा हैं।

## जस्टिस माथुर बने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। न्यायमूर्ति गोविंद माथुर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर दिनांक १४.११.२०१८ बुधवार को शपथ ग्रहण की। वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के गठन के बाद से अबतक ४७वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। आयोजित समारोह में राज्यपाल राम नाईक ने सुबह के करीब १० बजे न्यायमूर्ति माथुर को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बतादें कि २३ अक्तूबर को पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति डीबी भोसले के अवकाश ग्रहण के बाद से न्यायमूर्ति माथुर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के तौर पर काम काज देख रहे थे। न्यायमूर्ति गोविंद माथुर ने अपनी शपथ हिंदी में पढ़ी, संभवत: वह हिंदी में शपथ लेने वाले पहले मुख्य न्यायाधीश हैं। जिसकी अधिवक्ताओं ने जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर हाईकोर्ट के सभी न्यायमूर्तिगण, कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संविधान के दायरे में ही होगा राम मंदिर का निर्माण



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज।(कौशाम्बी)। उत्तर प्रदेश के योगी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण संविधान के दायरे में रहकर ही कराया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि छूटे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए २०१६ में दोबारा भाजपा की सरकार बनाने की आवश्यकता है।वह ओसा स्थित कांशीराम अतिथि गृह में दिनांक ०३.११.२०१८को आयोजित भाजपा लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में हिस्सा लेने आए थे।

इस दौरान मीडिया को बताया कि अयोध्या में राम मंदिर भाजपा की सरकार में ही पूरी भव्यता के साथ निर्माण कराया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा राम मंदिर के मुद्दे पर फिर से आंदोलन चलाए जाने की बात पर उन्होंने कहा कि इससे पार्टी का काई लेना देना नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और हर रोज समीक्षा करें।

# RAJEN GOHAIN LAYS FOUNDATION FOR ELECTRIFICATION OF GUWAHATI-LUMDING SECTION



RSB/Maligaon: Minister of State of Railways, Rajen Gohain laid the Foundation Stones for Electrification of the Guwahati –Lumding section of NFR and Re-development Work of Guwahati Railway Station and also inaugurated a lift for passengers at Guwahati Railway station at a largely-attended public function in Guwahati. The General Manager of N. F. Railway, Sanjive Roy, Divisional Railway Manager of Lumding Division Ashish Sharma, other senior railway officials and hundreds of enthusiastic people were present at the function. Laying the foundation stone of the 180km long Guwahati– Lumding section of N. F. Railway Shri Gohain said that he had always tried to help people of the State with more and more Railway facilities. The project is estimated to cost about Rs. 243 crore. He said, electrification of railway tracks would reduce the country's dependence on imported diesel which accounts for large outflow of foreign exchange reserve. This will help the country to become self-reliant and also considerably reduce pollutions. The Minister said that electrification of New Bongaigaon – Guwahati section was progressing well and was likely to be completed by end of next year.The Minister said that 98% of work for bridge over river Brahmaputra at Bogibeel near Dibrugarh has been completed and the bridge will be opened in December this year. Shri Gohain also said that a proposal for setting up a Digital Rail Museum at Guwahati station is under active consideration of the Railway Ministry. He also said that he had asked the concerned officials to examine feasibility of setting up of a Cleaning Training Centre as set up in New Tinsukia which would be providing training to railway staff as well other unemployed youths on use of machines for cleaning and other aspects of cleaning in trains and railway premises so that employment can be generated through skill-development. He said, as part of the redevelopment works Guwahati station will be given a new look by improvement of circulating area, construction of 12 new retiring rooms, construction of covered walk-way, improvements to passenger amenities and construction of an International Tourist Bureau. The station circulating area will be improved and provided with Granite flooring and another escalator will be provided. It may be mentioned that re-development of stations through Soft Upgrades is part of Indian Railways plan to bring visible changes in railway stations without piecemeal short-term constructions so that passengers get better amenities and comfort while undertaking journeys. The project for redevelopment of Guwahati station will cost about Rs. 15 crores.

# राम मंदिर को हो रही देर, अब बनाना होगा कानून-रामदेव

रे.स.ब्यू./संवा.वाराणसी। जाने माने योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि है राम मंदिर के मुद्दे पर केंद्र सरकार को अध्यादेश लाना होगा या संसद में कानून बनाना होगा। संसद कानून बनाने में समर्थ है। राम मंदिर के मुद्दे पर काफी देर हो रही है। अब जनता का भी विश्वास उठ रहा है। राम मंदिर को लेकर लोगों में काफी रोष है। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने आये बाबा रामदेव मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के लिए अब जनता को दबाव बनाना होगा। एक सवाल के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के कामकाज पर को टिप्पणी नहीं करेंगे क्योंकि वह ना ही पक्ष में है, न ही विपक्ष में। दूसरी ओर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की भावना से जुड़ा मुद्दा है। हिन्दू समाज अयोध्या में भव्य राम मंदिर की अपेक्षा रखता है। मंदिर निर्माण पर संघ कोई दबाव नहीं डाल रहा है, लेकिन केन्द्र सरकार को आपसी सहमति से इसका हल निकालना चाहिए। प्रतीक्षा बहुत लंबी हो चुकी है। पुरातात्विक साक्ष्य मंदिर निर्माण के पक्ष में आये हैं। ऐसे में न्यायालय, सरकार दोनों को हिन्दुओं की भावनाओं के बारे में विचार कर फैसला लेना चाहिए। संघ का मानना है कि समाज में समरसता बनी रहे और सभी पक्षों से बैठकर बातचीत कर जल्द फैसला लिया जाए।

# SCR to Run Four Unreserved Winter Special Trains

RSB/South Central Railway will run four Unreserved winter Special Trains from Adilabad to Pandharpur, Pandharpur–H.S.Nanded, H.S.Naded–Pandharpur and Pandharpur-Adilabad as per the following schedule:-<u>Train No. 07501 Adilabad - Pandharpur special train(1 Service):</u> Train no. 07501 Adilabad– Pandharpur unreserved winter special train will depart Adilabad at 14:00 hrs on 18th November, 2018 and arrive Pandharpur at 08:00 hrs on the next day. Enroute, this special train will stop at Kinwat, Bodhadi Burug, Dhanora (Deccan), Sahasrakund, Himayatnagar, Hadgaon Road, Bhokar, Mudkhed, H.S.Nanded, Purna, Parbhani, Gangakher, Parli Vaijnath, Latur Road, Latur and Kurduwadi stations. <u>Train No. 07527 Pandharpur– H.S.Nanded special train(01 Service):</u> Train no. 07527 Pandharpur–H.S.Nanded unreserved winter special train will depart Pandharpur at 11:10 hrs on 19th November, 2018 and arrive H.S.Nanded at 23:15 hrs on the same day. Enroute, this special train will stop at Kurduwadi, Latur, Latur Road, Parli Vaijnath, Gangakher, Parbhani and Purna Stations. <u>Train No. 07528 H.S Nanded - Pandharpur special train (01 Service):</u> Train no. 07528 H.S Nanded–Pandharpur unreserved winter special train will depart H.S Nanded at 19:25 hrs on 22nd November, 2018 and arrive Pandharpur at 08:00 hrs on the next day. Enroute, this special train will stop at Purna, Parbhani, Gangakher, Parli Vaijnath, Latur Road, Latur and Kurduwadi stations. <u>Train No. 07502 Pandharpur– Adilabad special train (01 Service):</u> Train no. 07502 Pandharpur–Adilabad unreserved winter special train will depart Pandharpur at 22:00 hrs on 23rd November, 2018 and arrive Adilabad at 16:30 hrs on the next day. Enroute, this special train will stop at Kurduwadi, Latur, Latur Road, Parli Vaijnath, Gangakher, Parbhani, Purna, H.S.Nanded, Mudkhed, Bhokar, Hadgaon Road, Himayatnagar, Sahasra-kund, Dhanora (Deccan), Bodhadi Burgu and Kinwat Stations.

all the above special trains will have all General Second Class Coaches.

यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।
महात्मा गांधी

सड़क के किनारे पेड़ लगाइये यात्रा को और सुखद बनाइये


खेल से

# श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी ने रखा राजनीति में कदम

रे.स.ब्यू. खेल सूत्र। क्रिकेट के मैदान में बल्ले से जौहर दिखा चुके पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर तिलकरत्ने दिलशान ने राजनीति में कदम रख दिया है। दिलशान राजनीति की पारी खेलने के लिए राजपक्षे की पार्टी में शामिल हो गए हैं। दिलशान ने अपना राजनीतिक जीवन ऐसे दिन शुरू किया जब राजपक्षे की विवादित सरकार, संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर हार गई। राजपक्षे की नवगठित श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) के सचिव सागर करियावासम ने कहा कि दिलशान (४२) पार्टी के सदस्य बने।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि दिलशान कलुतारा जिले की संसदीय सीट से चुनाव लड़ेंगे। बतादें कि श्रीलंका की विश्व कप टीम के कप्तान रहे अर्जुन रणतुंगा, विक्रमसिंघे की सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष बनीं केशरी देवी, संभाला कार्यभार



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज।केशरी देवी पटेल को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया गया है। बृहस्पतिवार दिनांक १५.११.२०१८ को आदेश जारी होने के आधा घंटा के अंदर ही उन्होंने पंचायत भवन पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। केशरी देवी पटेल पांचवी बार अध्यक्ष बनी हैं। राज्यपाल की संस्तुति के बाद शासन की ओर से जारी इस अप्रत्याशित आदेश से कई तरह की अटकलों को फिलहाल विराम लग गया है लेकिन, यह निर्णय सभी के लिए चौंकाने वाला रहा। वहीं दूसरी ओर पूर्व अध्यक्ष रेखा सिंह ने इसके खिलाफ न्यायालय में जाने की बात कही है। बतादें कि रेखा सिंह के खिलाफ केशरी देवी पटेल ने ही अविश्वास प्रस्ताव लाया था। जिस पर २५ अक्तूबर को मतदान हुआ था। प्रस्ताव के पक्ष में ४८ वोट पड़े थे। जबकि, इसे पास कराने के लिए कुल ६२ में से ४७ सदस्यों के समर्थन की ही जरूरत थी। रेखा सिंह मात्र दो मतो से अपनी कुर्सी नहीं बचा पाईं। इसके बाद नए चुनाव तक परंपरा के अनुरूप डीएम को प्रशासक बनाए जाने की उम्मीद लगाई जा रही थी लेकिन, अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के २१ दिन बाद सरकार की ओर से अप्रत्याशित फैसला लेते हुए केशरी देवी को अध्यक्ष बनाया गया।

सम्पादकीय

## आहट, आम चुनाव की

पिछले महीनों दिल्ली में आयोजित बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी कि बैठक में आम चुनाव का बिगुल बजा दिया है। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वर्तमान नेतृत्व के सहारे ही लोकसभा चुनाव में पूरे जोश के साथ उतरेगी। अध्यक्ष अमित शाह का जनवरी २०१६ में खत्म होने वाला कार्यकाल भी एक साल बढ़ा दिया है। पार्टी ने संगठन के अगले एक साल तक के चुनावों को भी टाल दिया है। जगजाहिर है कि बीजेपी पार्टी मोदी सरकार के कामकाज और अमित शाह के इलेक्शन मैनेजमेंट को जीत की कुंजी मान रही है। मोदी ने विपक्ष पर जोरदार हमले किए जबकि अमित शाह ने कहा कि बीजेपी को अगले पचास सालों तक सत्ता से नहीं हटाया जा सकता। बीजेपी अपने सहयोगी दलों को भी बातों बातों में संदेश दे दिया है कि सीटों के मामले में वे बीजेपी से ज्यादा नरमी की अपेक्षा न करें क्योंकि सत्ता में वापसी के लिए यह पार्टी उनके भरोसे नहीं बैठी है।

इस रुख के जरिये खुद बीजेपी के उन नेताओं को भी आगाह किया गया है, जो अपनी कीमत ज्यादा आंक रहे हैं और सीटों के बंटवारे में अपनी बात मनवा लेने की उम्मीद बांधे हुए हैं। बहरहाल बीजेपी से पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमत, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, नोटबंदी के नकारात्मक प्रभाव और समाज के वंचित तबकों तथा अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों से जुड़े सवाल भी पूछे जाएंगे।

### लेखकों से

राष्ट्रीय, सामाजिक, फिल्म, व्यंग्य आदि विषयों पर अ. प्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों में भेजें।

प्रधान सम्पादक

## महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ विभागाध्यक्षों की बैठक सम्पन्न

रे.स.ब्यू./संवा. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय स्थित ज़ोनल कांफ्रेन्स हाल में महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों की दिनांक १४ नवंबर, २०१८ को बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ-साथ आर. राजगोपाल, मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर कौशल किशोर, मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर एवं श्रीमती शोभना बंधोपाध्याय, मंडल रेल प्रबंधक, नागपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर तीनों मंडलो, वर्कशाप एवं सभी विभागो ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के ६ महीनों में अपने-अपने पूर्ण किए गए कार्यो का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया एवं साथ ही साथ पूर्ण किए गए एवं चल रहे कार्यो का लेखा जोखा प्रस्तुत किया।

महाप्रबंधक सुनील सिंह सोइन ने इस बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ वर्तमान वित्तीय वर्ष २०१८-१६ के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यो तथा यात्री सुविधाओं के विकास कार्यो के प्रगति पर संतोष व्यक्त किया एवं रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस अवसर पर अनिल कुमार, अपर महाप्रबंधक,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, हिमाशु जैन, सचिव, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, डा. प्रकाशचंद्र त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक (सा.) एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ECoR ORGANIZED HEALTHY DIET EXHIBITION

**RSB/Bhubaneswar: To spread awareness among the general public as a whole and Railway employees in particular, a Health Awareness Programme on Diabetes & healthy Diet Exhibition was organised by the Central Hospital of East Coast Railway, at Railway Central Hospital, Bhubaneswar. Umesh Singh, General Manager, East Coast Railway inaugurated the healthy Diet Exhibition in presence of Shri Rajiv Sharma, Addl. General Manager & Smt. Madhulika Singh, President, East Coast Railway Women's Welfare Organisation (ECoRW-WO). Doctors and paramedical staff of Central Hospital headed by Chief Medical Director, Dr. Sukanta Kumar Mohanty and Medical experts were available for consultation. A large number of Railway Employees & their family members including General public learnt about the diet system for the patients. Earlier, in the early morning, AGM Shri Sharma flagged off the Walkathon and led the Rally from Rail Sadan to Central Hospital to mark the occasion. Dr. Arundhati Senapaty, Medical Director of ECoR Central Hospital, Mancheswar co-ordinated the camp.**

## महाप्रबंधक द्वारा पटना जंक्शन का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./संवा.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक एलसी त्रिवेदी द्वारा दिनांक १६.११.२०१८ को छठ पर्व के बाद पटना जंक्शन पर यात्रियों की भारी भीड़ के संबंध में भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था व अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक द्वारा पटना जंक्शन के दोनों ओर के सर्कुलेटिंग एरिया, टिकट काउंटर, सभी प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के लिए खानपान की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। छठ पर्व के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए टेंट का भी निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक महोदय ने अधिकारियों को स्टेशन पर पट्टी गांव और संकेत बोर्डो को सुंदर और बोधगम्य बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेटिओं परिसर में स्वच्छता और सुंदरता को बनाए रखने के साथ उसमें और सुधार करने की बात कही। इस दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आर. पी. ठाकुर तथा अन्य उच्चधिकारीगण उपस्थित थे।

## कुम्भ में दूधिया रोशनी से नहायगा प्रयागराज

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। संगम किनारे रेती पर अगले वर्ष बसने वाले कुंभनगर प्रयागराज में इस बार दूधिया रोशनी की अद्वितीय छटा दिखेगी। पहली बार कुंभ दूधिया रोशनी से जग-मगाएगा।

इसके लिए जहां सरकारी कैंपों और शिविरों में जहां तीन लाख एलईडी बल्ब लगाए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर फाफामऊ से अरैल के बीच सेक्टरवाइज मेला क्षेत्र के मार्गो पर ४०,७०० स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। साथ ही साथ अलग- अलग क्षमता वाले ७४ पावर सब स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए बिजली विभाग (यूपीपीसीएल) तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। प्रकाश व्यवस्था के लिए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने व्यापक तैयारियां की हैं। इसके लिए कुल ७४ सब स्टेशन बनाये जा रहे हैं।

इनमें ४००-४०० केवीए क्षमता के ५४ सब स्टेशन लगाए जाएंगे। पावर स्टेशनों या लाइनों में फाल्ट आने पर केवल पांच सेकेंड के अंदर जेनरेटर अपने आप स्टार्ट हो जाएंगे।

मेला क्षेत्र के सभी शिविरों से लेकर सरकारी दफ्तरों और कंपनियों के दफ्तरों में एलईडी बल्ब लगाए जाएंगे। जिसके लिए २.८० लाख एलईडी बल्ब मंगाए जा रहे हैं।

## शहरों का नाम बदलने से पहले बीजेपी मुस्लिम नेताओं का बदले नाम- ओमप्रकाश राजभर

रे.स.ब्यू./संवा. लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने योगी सरकार के शहरों के नाम बदलने के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि यह मुद्दों से भटकाने वाला नाटक है। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि भाजपा नाम बदलने से पहले अपने मुस्लिम नेताओं का नाम बदलें।अपने बयान में मंत्री राजभर ने कहा कि भाजपा ने मुगलसराय, इलाहाबाद और फैजाबाद का नाम बदल दिया, क्योंकि वह मुगल के नाम पर थे, यह सरासर गलत है।उन्होंने भाजपा के तीन मुस्लिम नेताओं राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन, केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और प्रदेश सरकार के मंत्री मोहसिन रजा का नाम लेते हुए कहा कि भाजपा के तीन मुस्लिम चेहरे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी पिछड़े और शोषित वर्ग अपने अधिकार मांगने के लिए अपनी आवाज बुलंद करते हैं तो उनका ध्यान भटकाने के लिए भाजपा कोई न कोई नया शगूफा छेड़ देती है।उन्होंने कहा कि मुस्लिमों ने जो निर्माण कार्य देश में कराया, वह किसी और ने नहीं कराया।

# Leadership Training Programme for Railway Officers




RSB/Chennai: Giving much impetus for the training of officers in various fields so as to equip them with knowledge about latest development in relevant areas for effective discharges of their duties and crisis management, as part of "PROJECT SAKSHAM" Leadership Development Training Programme were organised at Great Lakes Institute of Management, Manamai, Chennai for Southern Railway Officers.The three days training programme was inaugurated by R.K. Kulshrestha, General Manager, SR on 14th November, 2018. 25 officers from various deptt.are participating the programme.Training were organised to other categories staff also all over the Railway to upgrade their skills.

# सेनाओं के उप प्रमुखों की वित्तीय शक्तियां पांच गुना बढ़ीं



प.सू.का/नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों के राजस्व प्रबंधन में फैसले लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए तीनों सेनाओं के उप प्रमुखों के वित्तीय फैसला लेने की शक्तियां बढ़ा दी हैं।

इस फैसले के बाद तीनों सेनाओं के उप प्रमुख अपनी मौजूदा वित्तीय शक्ति का पांच गुना अधिक यानी ५०० करोड़ रुपये तक के फैसले ले सकेंगे। इससे तीनों सशस्त्र बलों की क्षमता में इजाफा होगा।

रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमन ने यह फैसला सशस्त्र बलों के लिए हथियार और युद्ध सामग्री बढ़ाने के लिए लिया है, ताकि सेना की संचालन तैयारी को तेज किया जा सके।

> हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मातृ भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
> डॉ जाकिर हुसैन

# कुंभ मे आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु इलाहाबाद मंडल द्वारा विशेष टीम का गठन

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। कुंभ मेला २०१६ के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को उच्चस्तरीय सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं । मंडल रेल प्रबंधक इलाहाबाद के निर्देशानुसार यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु इलाहाबाद मंडल द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया जा रहा है, जिसमें आरपीएफ, वाणिज्य, इलेक्ट्रिकल, मेडिकल एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे जो त्वरित कार्यवाही हेतु सक्रिय रहेंगे और किसी भी परिस्थिति का सामना करने में सक्षम होंगे।

इलाहाबाद जंक्शन पर मशीनीकृत सफाई की जा रही है तथा पर्याप्त व्हील चेयर एवं सुरक्षा हेतु पर्याप्त अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही साथ इलाहाबाद जंक्शन पर बनाये जा रहे चारों आश्रयों में अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इलाहाबाद के अतिरिक्त नैनी एवं इलाहाबाद-छिवकी स्टेशन पर भी फ्री वाई फाई की सुविधा प्रदान की जाएगी।

यात्रियों को मेडिकल की सुविधा प्रदान करने हेतु इलाहाबाद जंक्शन पर बनाए गए प्रत्येक आश्रय में मेडिकल बूथ बनाया गया है, जहां डॉक्टर, फार्मासिस्ट एवं अन्य मेडिकल स्टॉफ के साथ उपचार की आवश्यक सुविधाएं एवं दवायें उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही प्लेटफार्म नंबर ०१, ०२/०३, ०७/०८ एवं ०६/१० पर ०१ मेडिकल मेडिकल बूथ तथा प्लेटफार्म नंबर ०४/०६ पर ०२ मेडिकल बूथ बनाए जाएंगे जहां डॉक्टर तथा मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहेंगे।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक

# पच्चिस हजार से ज्यादा बकाए पर जारी हो आरसी-आलोक कुमार

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज।पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन आलोक कुमार ने वसूली बड़ाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि २५ हजार से ज्यादा बकाएदार को चिन्हित कर उनके खिलाफ तत्काल आरसी जारी की जाये। दिनांक ०१.११.२०१८ गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होने उक्त बातें कही,साथ ही साथ विवादित बिलों को भी एक सप्ताह के भीतर ही निपटाने का निर्देश दिया ताकि लोग जल्द से जल्द अपना भुगतान कर सकें। इस अवसर पर जोन के सभी अभियंता मौजूद थे।

# पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन




रे.स.ब्यू./संवा.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर में वाणिज्य विभाग में दिनांक १२. ११.२०१८ को दिलीप कुमार, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/या.सेवा, पूमरे/हाजीपुर की अध्यक्षता में हिंदी कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से राजभाषा के प्रचार-प्रसार से संबंधित विभिन्न प्रकार के मोबाइल एप से संबंधित जानकारी दी गयी।

साथ ही इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में बोलते हुए कुमार ने कहा कि आज का समय सूचना तकनीक का है और भाषा का प्रचार-प्रसार भी तकनीक से जुड़ा है।

श्री कुमार ने कार्यशाला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधिकाधिक कार्यशालाओं का आयोजन हमारी प्राथमिकता में है ताकि कर्मचारीगण कार्य अवधि में राजभाषा के विभिन्न आयामों से भलीभाँति परिचित हो सके और इसके प्रचार-प्रसार के लिए एक उत्साहपूर्ण वातावरण का निर्माण हो सके। इस कार्यशाला में राजभाषा नीति नियम, संवैधानिक प्रावधानों एवं राजभाषा से जुड़े पारिभाषिक शब्दों के बारे में भी चर्चा की गयी तथा उपस्थित कर्मचारियों को राजभाषा में अधिकाधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

# झूठ की मशीन लेकर चल रहे राहुल गांधी

रे.स.ब्यू./संवा.वाराणसी। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राहुल पहले एक मशीन लाए थे जिसमें एक तरफ आलू डालने पर दूसरी तरफ से सोना निकलता था। अब राहुल ऑटोमैटिक मशीन से राफेल डालकर पीएम की कुर्सी निकालना चाहते हैं लेकिन उनके जीजा निकल रहे हैं। उन्होने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सवा सौ करोड़ जनता के ह्रदय सम्राट हैं। पीएम और भाजपा पर जितना कीचड़ उछलेगा, कमल उतना ही अधिक खिलेगा। जनता इस पार्टी को इतिहास के पन्नों में दर्ज करने जा रही है। राहुल गांधी की जेपीसी मांग के सवाल पर बोले, देश हित में जो भी जरूरी होगा, हमारी सरकार करेगी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में भाजपा की फिर सरकार बनेगी। मिजोरम और तेलंगाना में भाजपा बहुत बड़ी ताकत बनकर उभरेगी।

# नगर आयुक्त ने देखी सफाई व्यवस्था

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। शहर की हालात का जायजा लेने नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने शनिवार दिनांक १०.११.२०१८ को निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त ने सिविल लाईन्स मे नवाब यूसुफ रोड, जान्सेनगंज,राजर्षि टंडन मंडपम के आसपास सुबह के करीब सात बजे निरीक्षण किया, जॉन्सेनगंज में कूड़े का ढेर पड़ा होने पर वो बिफर पड़े, और सफाई इंस्पेक्टर को हटाने का निर्देश दिया।

कई जगह गड्ढे मिलने पर उन्हे जल्द दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया।

> अपने शुभचिंतकों को घर पर ही विदा करें प्लेटफार्म पर नहीं

# Indian Railways rolls out First Aerodynamically And Ergonomically Designed WAP-5 Loco No. 30164



RSB/New Delhi: Indian Railways rolled out its first aerodynamically and ergonomically designed locomotive, WAP-5 Loco No. 30164. With a speed potential of 200 kmph, the new WAP locomotive with state-of-the- art technology will be capable of hauling the Railways' prestigious trains viz. Rajdhani, Gatimaan & Shatabdi Express trains at a higher speed.

Salient Features of The Aerodynamically Designed WAP-5 Loco No. 30164: The cab profile with 45 degree inclination will help reduce air drag at a higher speed with advantageous spin-offs viz. greater energy efficiency, better dynamic stability during high-speed operations and improved acceleration. 1. With the increased driver visibility angle at 69°, the aerodynamic would equip the driver with better safety capabilities. 2. The engines are equipped with better gear ratio, the motor and gear side coupling accomplished with combined curved tooth coupling.

This would enable reliability and maintain ability eliminating conven tional use of rubber membrane & oil. 3.The cab is equipped with digitally enhanced capabilities viz. Crew Voice and Video Recording System (CVVRS) for on-board driving data recording and analysis especially post-event analysis. 8 Nos. Day/Night Camera and microphones and DVR (Digital Video Recording) with 90 days data storage facility are provided for the same. 4. Electrical Signal Exchange Lamp: This feature will assist loco pilot to exchange signal with guard and station staff by operation of switches from inside of cab. This will improve crew comfort at higher speed. 5.The key advantages of this aerodynamically designed locomotive WAP-5 engine included its high compatibility features. Through this, the locomotive caters to needs viz. energy conversion for hotel load energy (energy for coaches), head on energy generation, capable of push-pull operations, upgradability of digital software through suitable software modification for 6000 HP locomotives.

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।
जार्ज इलियट

## रेलवे से संबन्धित शिकायत भी अब १०० नंबर पर

रे.स.ब्यू./संवा.लखनऊ। अगर आप रेलवे परिसर,प्लेटफार्म या फिर ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं और आपके साथ किसी भी प्रकार की कोई घटना होती है तो इसके लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा, आप सीधे १०० नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसके लिए यूपी १०० को जीआरपी के कंट्रोल रूम से जोड़ दिया गया है। यूपी इस व्यवस्था को शुरू करने वाला पहला राज्य भी बन गया है। यूपी १०० पर शिकायत आने पर उसे जीआरपी के कंट्रोल रूम और संबन्धित थानों मे स्थानांतरण कर दिया जाएगा।

## बीएचयू के सारे काम अब मोबाइल पर

रे.स.ब्यू./संवा.वाराणसी। बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिक्षण संस्थानों में डिजिटलाइजेशन पर चर्चा की गई।

डिजिटलाइजेशन के दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए बीएचयू के मोबाइल ऐप को कुलपति प्रो.राकेश भटनागर ने लांच किया। डिजिटल ट्रांसफार्मेशन इन हायर एजूकेशन इंस्टिट्यूशन विषयक संगोष्ठी में कुलपति ने बताया कि कंप्यूटिंग तकनीक में तेजी से विकास हो रहा है।

कंप्यूटर सेंटर बीएचयू के निदेशक डॉ. विवेक सिंह ने मोबाइल ऐप से कैशलेस फीस जमा करने सहित अन्य जानकारियां भी दीं। बीएचयू के आरनेट की डॉ.नीना पाहूजा ने बताया कि डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के माध्यम से चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में भी संभावनाएं बहुत हैं।

इसमें सर्वाइकल कैंसर जैसे जटिल रोगों के शुरूआती दौर का पता लगाना, थ्रीडी प्रिंटिंग जैसी तकनीक से कईनयी प्रिंटिग सहित कृत्रिम अंगों के निर्माण से रोगों के इलाज आदि प्रमुख है।

## ताजमहल में बजरंग दल ने किया नमाज अदा करने का विरोध

रे.स.ब्यू./संवा. आगरा। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष गोविंद पाराशर ने ताजमहल में जुमा के अलावा और दिनों में भी नमाज अदा किए जाने पर विरोध जाहिर किया है। उन्होने कहा कि ताज में पूजा-अर्चना की जाएगी, चेतावनी दी है, कि अगर ताज में नमाज पढ़ने वाले लोगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन होगा। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष गोविंद पाराशर का कहना है कि उन्होंने पिछले दिनों ताजमहल में आरती करने की घोषणा की थी। लेकिन उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

अब ताज के अंदर नमाज पढ़ी गई है तो कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। आरती करने के एलान पर प्रशासन ने कहा था कि यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अवहेलना है। उन्होंने कहा कि ताजमहल में सुरक्षा के नाम पर इतना खर्च किया जाता है, लेकिन वहां कौन क्या कर रहा है इसकी न तो सुरक्षा कर्मियों को खबर होती है और न ही पुरातत्व विभाग के कर्मचारियों को।

गोविंद पाराशर ने कहा कि लिहाजा ऐसे लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई हो।

## डा०ठाकुर बने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी

रे.स.ब्यू./संवा प्रयागराज। डा० आरएस ठाकुर ने दिनांक १५.११.२०१८ को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी का पद ग्रहण किया। डा०ठाकुर तेजबहादुर सप्रू चिकित्सालय मे चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तैनात थे,जहां उन्होने चिकित्सकीय व्यवस्था को दुरुस्त रखने मे अहम भूमिका निभाई थी।

## मित्रता का पौधा

मित्रता एक ऐस पौधा है,
जो विश्वास की भूमि में बढ़ता है।
समझदारी की सूर्य की किरणों में,
उसे समेटता हुआ बेल की भांति चढ़ता है।
आदर-सम्मान और आत्म- विश्वासरूपी
खाद-पानी खुशियों की बाढ़ लाता है।
पर अभिमान और नफरत रूपी बीज,
मित्रता में घनघोर बाधा डालता है।
संदेह, अविश्वास, द्वेष, प्रेम व प्यार का अभाव,
जैसे पौधे की अनदेशी इसे कमजोर कर देता है।
सूखा और बाढ़ रूपी हिंसा व संघर्ष,
इस पौधे का जला देता है।
जाति व धर्म मित्रता रूपी,
पौधे के लिये प्रदूषण और शोषण है।
जो बंधुत्व, एकता, राष्ट्रीयता की,
भावना के पौधे को शुष्क कर देता है।
प्रेम, ईमानदारी, त्याग और समर्पण,
मित्रता के पौधे को सुद ढ़ व मजबूत बनाता है।

-बलराम प्रसाद शास्त्री

## भारत से चीन को चीनी का निर्यात जल्द होगा शुरू

प.सू.का/नई दिल्ली। अगले वर्ष की शुरूआत में भारत से चीन को चीनी का निर्यात प्रारंभ होगा। १५,००० टन चीनी के निर्यात के लिए इंडियन शुगर मिल एसोसियेशन (आईएसएमए) और चीन की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी सीओएफसीओ के बीच समझौता हुआ। अगले वर्ष के प्रारंभ में भारत २ मीट्रिक टन चीनी का निर्यात चीन को करेगा। गैर बासमती चावल के बाद चीनी दूसरा उत्पाद है जिसे चीन भारत से आयात करेगा। चीन के साथ भारत के ६० बिलियन डॉलर के व्यापारिक घाटे को कम करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।

# राम नाम के जयघोष के साथ 'रामायण एक्सप्रेस' हुई रवाना




रे.स.ब्यू। दिल्ली के सफरदरजंग स्टेशन से बुधवार दिनांक १४.११.२०१८को 'रामयण एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान माला पहने, तिलक लगाए और राम के वेश दिखने वाले ने राम नाम के नारों के बीच यात्रियों का स्वागत किया गया। रामायण एक्सप्रेस में ज्यादा तर सवार यात्री रिटायर्ड अधिकारी थे जो रेलवे द्वारा किये गये इस तरह के इंतजाम से आश्चर्यचकित थे और वे हनुमान, सीता और राम का आशीर्वाद चाह रहे थे। रेलवे की तरफ से इस बात की घोषणा की गई है, कि पहले चरण में रामायण एक्सप्रेस ट्रेन को लेकर मिले शानदार रिस्पॉन्स के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों में तीन और ट्रेनों की शुरुआत की जाएगी। जो हिन्दू महाग्रंथ में वर्णित प्रमुख स्थानों पर जाएगी। इसके बाद ट्रेन रामायण सर्किट के महत्वपूर्ण स्टेशनों सीतामढ़ी, जनकपुर, वाराणसी, प्रयाग, शृंगवेरपुर, चित्रकूट, नासिक, हम्पी तथा रामेश्वरम भी जाएगी।

## महिलाओं में आत्मनिर्भरता

- नुसरत जहाँ

पूरे विश्व में महिलाएं आर्थिक रूप से निर्भर हुई हैं पर भारत में कामकाजी महिलाओं का प्रतिशत अब चौकाने वाला है। पिछले सालों में भारतीय महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता में कई गुना बढोतरी हुई है। वो दिन गए जब ट्रीचिंग ओर नर्सिंग जैसे एक दो क्षेत्रों को छोड़कर महिलाएं और कहीं नजर ही नहीं आती थी। कामकाजी महिलाओं के प्रतिशत में इस वृद्धि का असर सिर्फ उनके परिवार के जीवन पर ही नहीं बल्कि पूरे समाज पर हो रहा हैं। बल्कि परिवार में भी उनका सम्मान कई गुना बढ़ जाता है।

बल्कि वे खुद भी अपने आपको पहले से ज्यादा अहमियत देने लगती हैं आर्थिक स्वतंत्रता सिर्फ इसलिए जरूरी नहीं है कि मुसीबत की घड़ी में आपकों किसी पर निर्भर न रहना पड़े बल्कि इसलिए भी जरूरी है ताकि आप अपनी आने वाली पीढ़ी को बेहतर जिंदगी दे सके, जो आपने अपने बच्चों के लिए देखी हैं आपके आगे एक बेहतर जिंदगी जी सकें, जो सिर्फ आर्थिक कमी के कारण अब तक नहीं कर पाई है। बेहतर भविष्य बेहतर जिंदगी और अपने अरमानों को पूरा करने के लिए जरूरी है, आपका आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना।

# सड़क की सतह समतल ना होने पर दो इंजीनियरों पर गिरि गाज़

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। कुम्भ के कार्य मे लापरवाही को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के दो इंजीनियरों के खिलाफ कार्यवाही की गई। मंडलायुक्त ने गुरुवार दिनांक ०८.११.२०१८ को सुबह से स्थलीय निरीक्षण पर निकल पड़े,सबसे पहले उन्होने कीडगंज स्थित जूना अखाड़े के पास बन रहे हेलीपोर्ट की प्रगति देखी जिस पर उन्होने लोक निर्माण विभाग के मुख्य इंजीनियर को ३० नवंबर तक उसे पूरा करने का निर्देश दिया, साथ ही साथ मंडलायुक्त ने अखाड़े को जाने वाले मार्ग को भी देखा, दूसरी ओर जब उनकी निगाह सड़कों की सतह पर पड़ी जो समतल नहीं थी।

इस पर कार्यवाही करते हुए पीडब्ल्यूडी के एई और जेई को प्रतिकूल प्रविष्टी देते हुए अधिशासी अभियंता को भी चेतावनी दी।

मंडलायुक्त ने छिव्की स्टेशन पर बन रहे यात्री वार्डों और शौचालय के कार्य को भी गहनता से परखा।

लोग चाहे कुछ भी कहें, तुम कभी अपनी पवित्रता, नैतिकता तथा भगवतप्राप्ति के आदर्श को छोटा मत बनाना...।
स्वामी विवेकानंद

**यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।**
महात्मा गांधी

# बालगृहों के बच्चों ने रीता बहूगुणा जोशी के साथ मनाया बाल दिवस

रे.स.ब्यू./संवा.लखनऊ के मोहान रोड स्थित राजकीय बाल गृह सहित प्रदेश भर के राजकीय बाल गृहों में धूमधाम से बालदिवस का आयोजन किया गया। प्रदेश की महिला एवं परिवार कल्याणमंत्री प्रो० रीता बहुगुणा जोशी ने मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ के मोहान रोड स्थित राजकीय बाल गृह में आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रो० जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के विकास और बेहतर शिक्षा-दीक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि बाल गृहों में रह रहे बच्चों में जो बच्चे उत्कृष्ट शैक्षिक परिणामों को प्राप्त कर रहे हैं उन्हें प्रदेश सरकार के व्यय पर प्रशिक्षण एवं शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रदेश के बाहर के संस्थानों में भी भेजा जा रहा है, जहां से प्रशिक्षित बच्चे आज आत्मनिर्भर होकर सम्मान का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। प्रो० जोशी ने बच्चों को भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कमाल का सर्वोच्च उदाहरण तथा प्रदेश से जूनियर हॉकी की राष्ट्रीय टीम में प्रतिभागी करते हुए हाल ही में आस्ट्रेलिया से रजत पदक जीत कर लाई हाकी की खिलाड़ी मुमताज का उदाहरण देते हुए बच्चों से कहा कि प्रतिभा उनके अन्दर छिपी हुई है और परिस्थितियां या अभाव उनके विकास का मार्ग नहीं रोक सकते।

# भारत में डिजिटल लेनदेन में ज़बरदस्त वृद्धि

प.सू.का/नई दिल्ली। भारत में डिजिटल भुगतान के लेनदेन में पिछले दो वर्षों में बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज की गई है। भुगतान के नवीन तौर तरीके-भारत इंटरफेस फॉर मनी-युनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (भीम-यूपीआई), आधार समर्थित भुगतान प्रणाली (एइपीएस) एवं नेशनल इलेक्ट्रानिक टोल कलेक्शन (एनइटीएस) ने व्यक्ति से व्यक्ति (पी२पी) के साथ साथ व्यक्ति से व्यापारी (पी२एम) भुगतानों में वृद्धि कर डिजिटल भुगतान के वातावरण का रूपांतरण कर दिया है। इसके साथ ही भुगतान के मौजूदा साधनों जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) एवं प्री पेड इंस्ट्रूमेंट्स (पीपीआई)ने भी अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है।

घातांकी वृद्धि से भुगतान के नवीन साधन इसके मौजूदा साधनों जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आईएमपीएस एवं पीपीआई के सुविधाजनक विकल्प के तौर पर उभरे हैं। भारत इंटरफेस फॉर मनी-युनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (भीम-यूपीआई) के अंतर्गत मासिक लेनदेन की संख्या सितम्बर २०१८ के दौरान पहली बार भुगतान के किसी अन्य मौजूदा साधन से आगे निकल गई है।

# अनाधिकृत रूप से चैन पुलिंग करने वाले यात्रियों के विरूद्ध चला अभियान

रे.स.ब्यू./संवा.उत्तर पश्चिम रेलवे क्षेत्राधिकार में ट्रेन में अनाधिकृत रूप से चैन पुलिंग की घटनाओं को ध्यान मे रखकर विशेष अभियान चलाकर चैन पुलिंग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए विशेष अभियान चलाकर अक्टूबर २०१८ के दौरान १६३ व्यक्तियों को पकड़ा गया।

रेलवे अधिनियम की धारा १४१ के तहत कार्यवाही कर पकड़े गये व्यक्तियों को न्यायालय में पेश किया। जिनसे कुल ६०,३२५/- रू० का जुर्माना वसूल किये गये तथा १५६ व्यक्तियों के विरूद्ध मामलें में जॉच चल रही है।

छत पर यात्रा करना भी अपराध है इसी के तहत छत पर यात्रा करने वाले यात्रियों के विरूद्ध अक्टूबर माह में रेलवे अधिनियम की धारा १५६ के अन्तर्गत ४०६ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से १७४ व्यक्तियों से २४२१०/- रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई, ०६ व्यक्तियों को सजा से दण्डित किया गया तथा २२६ व्यक्तियों के विरूद्ध जॉच चल रही है।रेल यात्रियों से अनुरोध है।

हिन्दी देश की एकता की ऐसी कड़ी है, जिसे मजबूत करना प्रत्येक भारतीय का कर्त्तव्य है।
इंदिरा गांधी

## दीपावली पर्व में भी जाम मे जूझे शहरी

रे.स.ब्यू./संवा प्रयागराज।पर्व के अवसर पर खरीदारी को निकले शहरियों के लिए आये दिन लगने वाले जाम से दीपावली पर भी निजात नहीं मिली।

जहां एक ओर सिविल लाईंस में चार पहिया वाहनों से हालत खराब रहे वहीं दूसरी ओर निरंजन डाट के पुल, हीवेट रोड,लीडर रोड व चौक जाने वाले मार्गो पर रात मे भी जाम लगने से शहरियों का मजा किरकिरा हो गया।

# GROWTH IN SER's EARNINGS FROM PASSENGER TRAFFIC

RSB/Kolkata: During the first seven months i.e. April-October of current financial year (2018-19), South Eastern Railway has earned Rs. 1218.92 crores from originating passenger traffic which is Rs.50.44 crores more than the corresponding period of last year i.e. 2017-18 thus registering a growth of 4.32%.This growth in passenger earnings has been possible due to increase in number of passengers carried during the first seven months of the current financial year. During April-October of the current financial year, South Eastern Railway carried 157.25 million originating passengers as against 152.18 million originating passengers carried during the corresponding period of last financial year achieving a growth of 3.33%. Out of total 157.25 million originating passengers, 81.77 million were suburban passengers while 75.48 million were non-suburban passengers.

The growth in number of passengers has been observed both in suburban and non suburban segments.

## हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य- सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।"

**महात्मा गांधी**

# मुख्यमंत्री की गोरखपुर में मकर संक्रान्ति मेले की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक

रे.स.ब्यू./संवा. लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गोरखनाथ मंदिर सभागार, गोरखपुर में मकर संक्रान्ति मेले की तैयारियों के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को मेले से सम्बन्धित सभी तैयारियों को दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नव वर्ष के पहले दिन से ही मंदिर में भारी संख्या मे लोग आने लगते हैं। इसलिए भीड़ को नियंत्रित करने तथा जाम से मुक्ति दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन व्यवस्था करे। उन्हों ने कहा कि वाहन पार्किंग स्थल में खड़े हों, वाहन स्टैण्ड पर प्रकाश एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण तथा पी०डब्ल्यू०डी०, राष्ट्रीय राजमार्ग सड़कों को ठीक कराने के निर्देश दिए। साथ ही, मार्ग परिवर्तित करने वाली सड़कों की विशेष रूप से मरम्मत करायी जाए।

उन्होंने टेलीफोन विभाग अनुपयोगी खम्भों को हटवाए जाने तथा मेले के दौरान टेलीफोन के अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए एवं बिजली विभाग को जर्जर तारों एवं पोल ठीक कराने के निर्देश दिए।

## आवश्यकता हैं।

**रेल समाचार ब्यूरो में**

संवाददाता एवं क्षेत्रीय विज्ञापन प्रबन्धक हेतु शीघ्र सम्पर्क करें अथवा आवेदन पत्र भेजें।

प्रबन्ध संपादक :- केन्द्रीय कार्यालय ५०२ पंचशीला त्रिवेणी रोड, इलाहाबाद।

Phone : (0532)2418040,

पोस्ट बाक्स नं. ११११ डाक मुख्लाय इलाहाबाद-२११००३

# भारतीय सेना ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

प.सू.का/नई दिल्ली।भारतीय सेना ने संगठन में सत्यानिष्ठा के महत्वपूर्ण मूल्यों को कायम रखने के लिए २६ अक्टूबर से ३ नवंबर, २०१८ तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया। इस पहल के सबंध में देशभर में कार्यशालाओं,संगोष्ठियों, व्याख्यानों, स्पर्धाओं और संगठन के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, ताकि सेना में जागरूकता पैदा की जा सके। भारतीय सेना को 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत' के लिए अग्रणी भूमिका निभाने पर गर्व है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत संगठन के प्रति सत्यानिष्ठा की शपथ से हई।

रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय में विभिन्नं निदेशालयों ने २६ अक्टूबर, २०१८ को यह शपथ ग्रहण की। इसके साथ सभी विभागों ने नैतिक व्यवहारों और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया।

इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की विषयवस्तु 'भ्रष्टाचार उन्मूलन-नव भारत निर्माण' थी।

# कुम्भ में प्रवासी भारतीयों की सुविधा हेतु उत्तर मध्य रेलवे द्वारा बैठक संपन्न



रे.स.ब्यू./संवा प्रयागराज। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव मनोज कुमार महापात्र, रेल अधिकारियों एवं IRCTC/लखनऊ के चीफ रीजनल मैनेजर अश्वनी श्रीवास्तव के बीच दिनांक १५.११.२०१८ को इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर कुंभ मेला के दौरान उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद मंडल द्वारा प्रवासी भारतीयों की सुविधाएं हेतु बैठक आयोजित हुई, जिसमें दिनांक २४ जनवरी २०१८ को इलाहाबाद से नई दिल्ली जाने हेतु चलाई जाने वाली प्रवासी भारतीय ट्रेनों के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। वाराणसी में दिनांक २१, २२,एवं २३ जनवरी २०१६ को प्रवासी भारतीय सम्मलेन आयोजित किया जाएगा सम्मेलन के तत्पश्चात लगभग ३००० प्रवासी भारतीयों के सड़क मार्ग से इलाहाबाद आने की संभावना है। प्रवासी भारतीय इलाहाबाद आकर विश्व प्रसिद्ध कुंभ स्नान करेंगे और २४ जनवरी २०१८ को ०४ विशेष ट्रेन द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे और गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेंगे। प्रवासी भारतीय ट्रेन को प्लेटफार्म नं ११ एवं प्लेटफार्म नं ०१ से चलाने पर विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक नवीन दीक्षित,वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार, मंडल परिचालन प्रबन्धक आकांशु गोविल, मंडल इंजीनियर आई पी एस यादव, स्टेशन प्रबंधक राजा राम राजपूत, एस के पराशर,गौतम पाण्डेय तथा मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# रेलवे अस्पताल में लगा टोकन डिस्प्ले बोर्ड

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के केन्द्रीय अस्पताल में मरीजों कि सुविधा हेतु पेशेंट टोकन बार्ड लगाया गया। जिसकी उपयोगिता बताते हुए केन्द्रीय अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डा.विनीत अग्रवाल ने कहा कि इससे मरीजों को टोकन संख्या, डाक्टरों की उपलब्धता एवं चिकित्सा अधिकारियों के कक्ष की जानकारी सेकेण्डों में ही प्राप्त की जा सकती है, जिससे मरीजों को इधर उधर भटकने की जरुरत नहीं पड़ेगी।

डिस्प्ले बोर्ड का उद्घाटन अस्पताल के कर्मचारी राज बहादुर ने किया, इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.नीलिमा श्रीवास्तव अस्पताल के चिकित्सक और कर्मचारी मौजूद थे।

# भारतीय रेल लेखा सेवा दिवस पर सेमिनार का आयोजन

रे.स.ब्यू./संवा प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे, लेखा मुख्यालय, इलाहाबाद में आई.आर.ए.एस. दिवस के उपलक्ष्य में "Accrual Accounting" विषय पर सेमिनार का आयोजन दिनांक १६.११.२०१८ को अभय मिश्रा, प्रधान वित्त सलाहकार, उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद की अध्यक्षता में तथा वित्त सलाहकार मुख्य लेखा अधिकारी/वित्त एवं सामान्य योगेश कुमार श्रीवास्तव, वित्त सलाहकार मुख्य लेखा अधिकारी/ भकाया हमीम अहमद एवं प्रधान वित्त सलाहकार/कोर दिनेश कुमार गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। आयोजन में उत्तर मध्य रेलवे की विभिन्न लेखा इकाईयों तथा केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) के अधिकारी सम्मिलित हुए।

समारोह में Accrual Accounting के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। झांसी, आगरा एवं इलाहाबाद मंडलों एवं कारखानों, यातायात एवं कोर के अधिकारियों द्वारा अपने विचार/सुझाव रखे गये। अन्त में सुश्री जाह्नवी तिवारी, उप वित्त सलाहकार मुख्य लेखा अधिकारी /सामान्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**हिन्दी भाषा रेल की भाषा**
**हिन्दी भाषा देश की भाषा**

## बीजेपी नेम चेंजर,नोट चेंजर पार्टी - ममता बनर्जी



रे.स.ब्यू./सूत्र.कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेम चेंजर और हिस्ट्री चेंजर, नोट चेंजर है, इंस्टीट्यूशन चेंजर पार्टी है। तृणमूल सुप्रीमो ने देश के कई जगहों के नाम बदले जाने पर बीजेपी का आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा- बीजेपी हिस्ट्री चेंजर है, नेम चेंजर है, लेकिन गेम चेंजर नहीं है।

ममता ने आगे कहा कि बीजेपी अपने आपको ऐसा पेश कर रही है जैसे उसने ही देश बनाया हो लेकिन आजादी के वक्त कहीं नहीं थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की तारीफ की। उन्होंने कहा चंद्रबाबू नायडू ने राज्य में सीबीआई को इजाजत न देकर बिल्कुल सही किया। गौरतलब है कि पिछले एक साल में देश के कई चीजों के नाम बदले गए हैं। जिनमें रेलवे स्टेशन और जिला समेत कई चीजें शामिल है। बीजेपी के इस कदम की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की है।

## अनूठी पहल: जिलाधिकारी ने सरकारी अस्पताल में कराया पत्नी का प्रसव



रे.स.ब्यू./सूत्र.मंझनपुर (कौशाम्बी)। सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं को लेकर आम आदमी जहां हमेशा सशंकित रहता है और घर की बहू-बेटियों का सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने से कतराता है। वहीं कौशाम्बी के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अनूठी पहल पेश की। उन्होंने सारी आशंकाओं को दरकिनार कर अपनी पत्नी का जिला अस्पताल में प्रसव कराया, जहां उनकी पत्नी ने एक बेटी को जन्म दिया है। एक आला अधिकारी कि इस पहल से सरकारी अफसरों के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी नसीहत है, ऐसे में लोगों में भरोसा पैदा करने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा खुद आगे आए हैं। उन्होंने आम जनता की तरह प्रसव पीड़ित पत्नी अंकिता राज को दिनांक १०.११.२०१८ शनिवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया। अस्पताल में जच्चा और बच्चा सुरक्षित हैं।

**Heartline**

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र
**हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल**
14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध

## कार्यों के गुणवत्ता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं-डिप्टी सीएम



रे.स.ब्यू./संवा प्रयागराज। लगातार उठ रहे कुंभ के कार्यों में गुणवत्ता पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अफसरों को आगाह किया। सर्किट हाउस में दिनांक १०.११.२०१८ शनिवार को उन्होंने चेताया कि कुंभ के तहत सड़कों, पुलों के निर्माण या अन्य कार्यों में गुणवत्ता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गड़बड़ी करने वाले अफसर बख्शे नही जाएंगे। पीडब्ल्यूडी, सेतु निगम एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा के दौरान उन्होंने अफसरों को चेताया । उपमुख्यमंत्री ने सेतु निगम के अधिकारियों से फ्लाईओवर-आरओबी निर्माण की कार्य में हुए प्रगति की जानकारी ली और समय से कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिया। वहीं सेतु निगम के अधिकारियों ने ३० नवंबर तक हाईकोर्ट फ्लाइओवर आरओबी, एमएनआईटी, मनौरी आरओबी पूरा करने की बात कही।

|| जय चित्रांश || || श्री चित्रगुप्ताय नमः || || जय चित्रांश ||

के. पी. ट्रस्ट ही नहीं.....
अपने कायस्थ परिवार के विकास के लिए
नयी सोच के साथ... नया चेहरा



अध्यक्ष पद हेतु
कर्मठशील प्रत्याशी
डा. सुशील कुमार सिन्हा
निदेशक - द्वारका अस्पताल

**पाठक ध्यान दें**

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन.आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७६३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

ट्रेन की छत, पायदान या कपलिंग पर बैठकर यात्रा कभी ना करें जिससे जान व माल की हानि हो।

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा।

The Only Institute in Alld. Having Results Since 1984
BANK P. O. | CLAT
SSC • M.B.A. • CAT, MAT • NTSE • GD & INTERVIEWS
LAW ENTRANCES ALLD. UNIVERSITY B.H.U., D.U. JAMIA MILLIA ETC.
FOR SURE SUCCESS
PIONEER
Law & Banking Tutorials
Colonelganj, Allahabad
M.: 9839065783 Ph.: 0532-2460610

### सभी जेड.आर.यू.सी.सी/डी.आर.यू.सी.सी. सदस्यों को नामित होने पर हार्दिक बधाई

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. ९७६३९५६०४४

संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

*Railway Passengers Safety & Amenities Association*

*Aim of the Society is to serve the Railway Passengers*

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan,
Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran

*उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।*